FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत––जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

[illegible] वगै0 बनाम [illegible] वगै0

किस्म मुकदमा– स्थानान्तरण प्रा0पत्र नम्बर––85–सन्– 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.6.2026	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 से 2 उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 से 2 ने बहस में दलील दी कि पीठासीन अधिकारी मण्डावर श्री अमित वर्मा, वर्तमान में मण्डावर में कार्यरत नहीं है। पीठासीन अधिकारी मण्डावर के पद पर अन्य अधिकारी कार्यरत है। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचत्य नहीं रह गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने उक्त स्थानान्तरण प्रा0पत्र को खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रा0पत्र प्रस्तुत किया गया है उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। अतः स्थानान्तरण प्रा.पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचित्य नही रहा है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति उपखंड अधिकारी मण्डावर को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। जिला कलक्टर दौसा सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	